उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001

फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

6850/20 दिनांक 29/12/2020

सेवा में,

प्रबन्धक,
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस
(बरेली इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी),
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली ।

विषय–बैचलर ऑफ साइंस इन रेडियोलाजिकल इमेजिंग टेक्नीक्स प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

उ०प्र० शासन के शासनादेश संख्या–1830/71–4–2020–एन–4/2017टी०सी० दिनॉक 20 नवम्बर, 2020 के द्वारा रूहेलखण्ड एजूकेशनल चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस (बरेली इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी), पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली को बैचलर ऑफ साइंस इन रेडियोलाजिकल इमेजिंग टेक्नीक्स पाठ्यक्रम में 40 सीट प्रतिवर्ष भर्ती क्षमता की अनापत्ति प्रदान की गयी है, जो संस्था द्वारा निरीक्षक दल को दर्शाये गये संसाधनों तथा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के आधार पर निरीक्षक दल द्वारा की गई संस्तुति पर दी जा रही है। यदि उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी को किसी भी समय यह ज्ञात होता है कि आप द्वारा कोई तथ्य छुपाये गये है अथवा मान्यता हेतु छद्म प्रपत्रों, संसाधनों का सहारा लिया गया है तो नियमानुसार मान्यता/सम्बद्धता समाप्त करते हुए आपके विरूद्व यथोचित कार्यवाही की जाऐगी।

अतः आप अपने संस्थान द्वारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए सम्बन्धित विश्वविद्यालय अथवा श्री अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्धता संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। इस कार्यालय में प्रति वर्ष सम्बद्धता शुल्क के रूप में रूपया 30,000/– (तीस हजार रूपया) इस कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करते रहे, जिससे कि बैच उत्तीर्ण होने के पश्चात् उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जा सके।

भवदीय,

सचिव,
उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या– दिनॉक–

प्रतिलिपि– कुलसचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली अथवा कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ उ०प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव,
उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी
5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001
फोन : 0522 - 2238641, 2238600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 1831/19 दिनांक 25/6/19

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस,
बरेली इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी कैम्पस
(रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस),
बरेली।

विषय–बैचलर ऑफ साइंस इन आप्टोमेट्री, बैचलर ऑफ फिजियोथिरेपी एवं बैचलर ऑफ साइंस इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नीक्स प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या– 1752/71–4–18–एन–4/2017टी0सी0 दिनॉक 17 अक्टूबर, 2018 के द्वारा रूहेलखण्ड एजूकेशनल चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, बरेली इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी कैम्पस (रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस), बरेली को बैचलर ऑफ साइंस इन आप्टोमेट्री, बैचलर ऑफ फिजियोथिरेपी एवं बैचलर ऑफ साइंस इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नीक्स पाठ्यक्रम में 40–40 सीट प्रतिवर्ष भर्ती क्षमता की अनापत्ति प्रदान की गयी है, के क्रम में आप अपने संस्थान द्वारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए सम्बन्धित विश्वविद्यालय से सम्बद्धता संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

इस कार्यालय में प्रति वर्ष निरन्तरता/सम्बद्धता शुल्क के रूप में रूपया 30,000/– (तीस हजार रूपया) प्रति प्रशिक्षण जमा कराना सुनिश्चित करते रहे, जिससे कि बैच उत्तीर्ण होने के पश्चात् उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जा सके।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या –

दिनॉक –

प्रतिलिपि – कुलसचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।